पत्र संख्या-स्था-1/वाणिज्य कर-2013-14/// 3727 ///वाणिज्य कर।

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर,
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
दिनॉक :: लखनऊ 6 ,नवम्बर,2013

समस्त एडीशनल कमिश्नर, ग्रेड-1/2, वाणिज्य कर,
समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर / डिप्टी कमिश्नर,वाणिज्य कर,
समस्त असिस्टेण्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

आप अवगत हैं कि विभाग के अधिकारियों की ज्येष्ठता सूची समय-समय पर जारी की गयी है। इस सम्बन्ध में असिस्टेण्ट कमिश्नर एवं उससे ऊपर के अधिकारियों की ज्येष्ठता सूची क्रमशः शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-स0वि00क0नि0-2970/11-93-1035/(14)/92, दिनॉक 02-07-1997, कार्यालय ज्ञाप संख्या-स0वि0क0नि0-1-290/11-2002-1035/(70)/93टी0सी0, दिनॉक 25-01-2002, कार्यालय ज्ञाप संख्या- स0वि0क0नि0-1-4011/11-2008, दिनॉक 04-02-2009 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-स0वि0क0नि0-1-1365/11-2012-1035/(70)/97, दिनॉक 09-08-2012 से जारी की गयी है।

इन ज्येष्ठता सूचियों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इनमें 1948 से लेकर अब तक के सभी अधिकारियों के नाम शामिल हैं, जिनमें मृत, सेवानिवृत्त तथा विभाग छोड़कर जाने वाले अधिकारी भी शामिल हैं।

विभाग में 01 जुलाई, 2013 को कार्यरत अधिकारियों की अलग सूची तैयार की गयी है, जिसमें 01 जुलाई, 2013 तक प्रख्यापित ज्येष्ठता सूचियों में उल्लिखित ज्येष्ठता, क्रमॉक तथा इसके अतिरिक्त अन्य अधिकारियों की वर्षवार प्रविष्टि अंकित करते हुये अधिकारियों को सूची में स्थान दिया गया है।

उक्त सूचियों को आपके अवलोकनार्थ विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने की अपेक्षा की गयी है कि समस्त अधिकारी स्वयं से सम्बन्धित प्रविष्टियों का मिलान कर लें तथा यदि कोई त्रुटि प्रकाश में आये तो उसे स्थापना राजपत्रित अनुभाग, वाणिज्य कर मुख्यालय को सूचित करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अपेक्षा की गयी है कि समस्त अधिकारी विभागीय वेबसाइट http://comtax.up.nic.in में उपलब्ध "Employee Information System" में अपने 6 digit user ID तथा Date of Birth को dd/mm/yyyy फार्मेट में enter करके अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ .jpg फार्मेट में अपलोड करना सुनिश्चित करें, जिससे फोटो सहित वर्किंग लिस्ट प्रकाशित कर सभी अधिकारियों को उपलब्ध कराई जा सके।

उक्त समस्त कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण किया जाना अपेक्षित है।

(विनोद कुमार सिंह)
ज्वाइण्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश